# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

प्रेषक :
सम्बद्धता विभाग,
जीवाजी विश्वविद्यालय
ग्वालियर

ई–मेल : E-mail :
jiwajidcdc@gmail.com

क्रमांक : एफ/सम्बद्धता/2025/ 880 दिनांक : 05/08/2025

प्रति,

अध्यक्ष/सचिव/प्राचार्य
समस्त अशासकीय महाविद्यालय
सम्बद्ध जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर

**विषयः– सत्र 2025–26 के सम्बद्धता पत्र में उल्लेखित अनुसार पालन प्रतिवेदन भेजने बाबत्।**

**महोदय/महोदया,**

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि, कार्यपरिषद् के निर्णयानुसार – संबंधित अशासकीय महाविद्यालयों को सत्र 2025–26 के लिये उल्लेखित पाठ्यक्रमों अनुसार अस्थायी सम्बद्धता हेतु अधिसूचना पत्र जारी किये जा चुके है। संबंधित अशासकीय महाविद्यालयों को जारी सम्बद्धता पत्र में उल्लेखित अनुसार कमियों की प्रतिपूर्ति के संबंध में पालन प्रतिवेदन कार्यालय, सम्बद्धता विभाग, जीवाजी विश्वविद्यालय में जमा कराया जाना है।

अतः उक्त संबंध में समस्त सम्बद्ध अशासकीय महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि, कार्यपरिषद् के निर्णय एवं परिनियम–27 के प्रावधानानुसार सम्बद्धता पत्र में अंकित कमियों की प्रतिपूर्ति संबंधी पालन प्रतिवेदन मय दस्तावेजों/प्रपत्रों के साथ रूपये 100/– के नोटराइज्ड स्टाम्प के साथ दिनांक 30 सितम्बर, 2025 तक अनिवार्य रूप से कार्यालय, सम्बद्धता विभाग, जीवाजी विश्वविद्यालय में भेजना सुनिश्चित करें।

निर्धारित अवधि में पालन प्रतिवेदन रूपये 100/– के नोटराइज्ड स्टाम्प के साथ प्रस्तुत नहीं किये जाने पर महाविद्यालय के विरुद्ध परिनियम–27 के प्रावधानांतर्गत विश्वविद्यालय द्वारा संस्थित की जाने वाली किसी भी प्रकार की कार्यवाही लिये महाविद्यालय प्रबंधन स्वयं जिम्मेदार होगा।

05/8/25

**कुलसचिव**

**प्रतिलिपि :–**

1. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. प्रभारी आई.टी. सेल की ओर विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशन हेतु।

**निदेशक,**
**महाविद्यालयीन विकास परिषद्**